आदेश	कार्यवाही विवरण **सांवरमल बनाम बेगला प्र.सं. 103/2009**	अनुपालना के कमांक एवं दिनांक
16-09-22	पत्रावली पेश हुई। वादी अनुपस्थित। पत्रावली के अवलोकन किया। गत पेशी दिनांक 02.08.2022 को वादी के अधिवक्ता श्री सम्पत सिंह द्वारा नो–इन्सट्रेक्शन करने के पश्चात वादी स्वयं उपस्थित होकर शहादत वादी में मुख्य परीक्षण के शपथ पत्र पेश किया जाकर शहादत वादी जिरह करवाई गई थी। प्रकरण मे आगामी पेशी 12.08.2022 को नियत की गई थी जिसकी जानकारी वादी स्वयं को दी जा चुकी थी। वादी को प्रकरण में नियत पेशी की बावजूद सूचना उपस्थित नही होने पर वादी स्वयं को बार–बार–रूक–रूक कर न्यायालय समय तक आवाज लगवाई गई, परन्तु ना तो वादी उपस्थित तथा ना इनके ओर कोई प्रतिनिधि उपस्थित न्यायालय हाजा नही हुये एवं ना ही किसी प्रकार की गैर उपस्थिति की इतला न्यायालय को भिजवाई। इससे स्पष्ट होता हैं कि वादी को अपने वाद को चलाने में कोई रूचि प्रतीत नही होती है। फलस्वरूप वाद वादी अदम हाजरी एवं अदम पैरवी में इसी स्तर पर खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील जाप्ता दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 16.09.2022 को खुले न्यायालय में सुनाया गया। ए. सी. ई. एम. (का. ट्रे.) नवलगढ	

Signature Not Verified

Digitally signed by Damyanti Kanwar
Date: 2023.01.11 14:29:34 IST
Reason: SelfAttested